प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आईईईई आर 10 यंग प्रोफेशनल्स अपस्किल 2023–उत्तर प्रदेश और आईईईई महिला इंजीनियरिंग छात्र शाखा एफिनिटी ग्रुप कार्यशाला का आयोजन।

आज दिनांक 08.08.2023 को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आईईईई आर 10 यंग प्रोफेशनल्स अपस्किल 2023–उत्तर प्रदेश और आईईईई महिला इंजीनियरिंग छात्र शाखा एफिनिटी ग्रुप राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थान की **निदेशक महोदया प्रो0 रचना अस्थाना** के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला के उद्‌घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रहे, डा0 आशीष कुमार सिंह महासचिव, आई–ईईई यू. पी. सेक्शन मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज, एवं डा0 रफीक अहमद पावर इलेक्ट्रानिक्स सोसाइटी चौप्टर अध्यक्ष आई–ईईई यू. पी. सेक्शन, ने बताया कि आईईईई यंग प्रोफेशनल्स आईईईई सदस्यों और स्वयंसेवकों का समूह है जिन्होंने पिछले 15 वर्षों के भीतर अपनी पहली पेशेवर डिग्री से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। यह एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय है, जिसके सदस्य अपनी पेशेवर छवि को ऊपर उठाने, अपने वैश्विक नेटवर्क का विस्तार करने, स्थानीय स्तर पर साथियों से जुड़ने और अपने समुदाय को वापस देने में रुचि रखते हैं। चूँकि इसमें हाल ही में विश्वविद्यालय के स्नातकों से लेकर अनुभवी पेशेवरों और उद्यमियों तक सभी सदस्य शामिल हैं, इसलिए यह समूह जो पेशकश करता है उसमें अत्यधिक विविधता है। आईईईई यंग प्रोफेशनल्स समुदाय में शामिल होने के लिए, आपको आईईईई सदस्य बनना होगा। कोई भी आईईईई सदस्य जिसने पिछले 15 वर्षों में अपनी शिक्षा की पहली डिग्री से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है, उसे स्वचालित रूप से आईईईई यंग प्रोफेशनल्स का हिस्सा बनने के लिए निःशुल्क शामिल किया जाता है।

इस कार्यक्रम के संयोजक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला से संस्थान के फैकल्टी एवं विद्यार्थियों को इमेज एवं वीडियो प्रोसेसिंग के साथ–साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का काफी ज्ञान मिलेगा।

इस अवसर पर संस्थान के सहायक प्राध्यापक राजीव कुमार, डा0 अनुराग शुक्ला, अश्विनी कुमार उपाध्याय सहायक प्राध्यापक कार्यक्रम समन्यवक अर्चना वर्मा सहायक प्राध्यापक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग एवं मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना, तथा समस्त प्राध्यापकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, उवैश खान, आशिक एवं छात्र–छात्रायें भी उपस्थित रहें।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

IEEE
PeopleLink

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज